हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–190 : जौनपुर, सोमवार 01 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने काबुल नदी के जल से किया रामलला का जलाभिषेक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या दौरे पर हैं। उन्होंने, अफगानिस्तान की काबुल नदी के भेजे गए जल से रामलला का अभिषेक किया है। बता दें कि काबुल नदी के इस जल को अफगानिस्तान की एक लड़की ने रामलला का जलाभिषेक करने के लिए भेजा है। पीएम नरेंद्र मोदी से अफगानिस्तान की बेटी ने काबुल नदी के जल से भगवान श्रीरामलला के अभिषेक करने का अनुरोध किया था। लिहाजा, काबुल नदी और गंगाजल को एक साथ मिलाकर सीएम रामलला का जलाभिषेक किया है। सीएम ने कहा अफगान की बालिका ने डर के साये में जी रहीं उन तमाम बालिकाओं और महिलाओं के दर्द को वहां से भेजा है। उन्हें श्रीराम के पावन जन्मस्थली पर इस जल को अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अपने पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार की दोपहर बाद करीब 2:00 बजे भगवान राम की पावन जन्मस्थली धार्मिक नगरी अयोध्या पहुंचे। अयोध्या एयरपोर्ट पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया, जिसके बाद सड़क मार्ग के जरिए सीएम योगी सीधे राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे. जहां पर उन्होंने रामलला का दर्शन पूजन कर आरती उतारीध। दर्शन करने के बाद सीएम योगी ने मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा भी लिया। फिर, बाद में उन्होंने अफगानिस्तान से एक बच्ची द्वारा भेजे गए काबुल नदी के जल को गंगा जल मिलाकर वैदिक मंत्रोचार के बीच मंदिर निर्माण में अर्पित किया। सीएम योगी ने काबुल नदी के जल से किया रामलला का जलाभिषेककाबुल की सभी बेटियों के प्रति हमारी संवेदनासीएम योगी ने कहा कि काबुल



की रहने वाली एक बच्ची ने अपनी श्रद्धा से भगवान राम के मंदिर निर्माण में काबुल की नदी का जल भेजा है। मंदिर निर्माण की योजना में हमने तय किया था कि मंदिर निर्माण में सभी नदियों का जल हम प्रयोग में लाएंगे. इसी भावना से प्रभावित होकर काबुल की बच्ची ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को पत्र भेजकर अपनी भावना से अवगत कराया और काबुल की नदी का विशेष जल राम मंदिर निर्माण में अर्पित करने की इच्छा जताई। उस जल को अयोध्या में लाकर राम मंदिर निर्माण में अर्पित करने का सौभाग्य मुझे मिला है। यह कार्य मैंने किया है मेरी काबुल की सभी बच्चियों और वहां की दशा को देखते हुए मेरी सहानुभूति है। इसे आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या में करीब 4 घंटे का समय देंगे वे दीपोत्सव 2021 कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेंगे और अयोध्या के राम कथा पार्क में रामायण कांक्लेव कार्यक्रम का समापन करेंगे।

## वाहन चेकिंग के दौरान गोवंश लदा ट्रक व गाय बरामद : चालक व खलासी फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पवारा थाना अंतर्गत पवारा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रविवार भोर में एक 14 टायरा ट्रक वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा ।मौके से ट्रक ड्राइवर व खलासी ट्रक छोड़ कर फरार हो गए। ट्रक में तलाशी के दौरान 19 गाय , 6 बछिया 2 छोटे बछड़ा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ चेकिंग सदिग्ध व्यक्ति व वाहन किया जा रहा था ।इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक स्विफ्ट कार मे कुछ लोग बैठे है ।जो एनएच 31 के रास्ते से 14 टायरा ट्रक बिना नम्बर प्लेट के गोंवश लदे हुए की सुरक्षार्थ मछलीशहर के रास्ते गाजीपुर की तरफ ले जा रहे है । इस सूचना पर थानाध्यक्ष मय हमराह पुलिस बल के जैसे ही टोल



प्लाजा कुंवरपुर पहुंचा तो उपरोक्त स्विफ्ट डिजायर गाड़ी मछलीशहर की तरफ निकल गयी तथा पीछे से आ रहे गोवंश लदे ट्रक को छोड़कर ट्रक ड्रावइर व खलासी फरार हो गये । ट्रक को कब्जे में लेकर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही तथा ट्रक के वाहन स्वामी व स्विफ्ट डिजायर की वाहन स्वामी की तलाश की जा रही है।

## एसडीएम खजनी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतिमा त्रिपाठी के टीम का छापा

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारःगोरखपुर जनपद के खजनी कस्बे में दीपावली त्योहार के मद्देनजर उपजिलाधिकारी खजनी पवन कुमार के नेतृत्व जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा तीन मिष्ठान भंडार के दुकानों का सैम्पलिंग किया गया। जिसमें हरिओम मिष्टान भंडार पर बर्फी व छेना का सेम्पल लिया ,वही जैसवाल ,कन्हैया मिष्ठान भंडार पर छेने का सैम्पलिंग हुआ। बाकी दुकाने फ्रूट बिभाग के कार्यवाही से दुकाने बन्द हो गयी। बाजार में सन्नाटा छा गया। बताते चले खजनी कस्बे में लगातार मिलावट के साये में आता रहा है। जिसके शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतिमा त्रिपाठी के उपस्थिति खाद्य निरीक्षक टीम खजनी कस्बे में पहुँचा। जांच की सूचना खजनी कस्बे में जंगल के आग की तरह फैल गयी। तड़ातड़ सभी दुकाने बन्द होना शुरू हो गई। उन्ही चंद समय मे खाद्य निरीक्षक प्रतिमा त्रिपाठी के साथ विनोद राय व अजय सिंह सक्रियता दिखाया और तीन चर्चित दुकानों का सैंपल उठा लिए। उप जिलाधिकारी खजनी पवन कुमार ने बताया दीपावली त्योहार के मद्देनजर मिठाइयों के दुकानों का



सैम्पलिंग कराया जा रहा है। जिसमे गोरखपुर खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रतिमा त्रिपाठी ,निरीक्षक विनोद राय ,व अजय सिंह ने कस्बे से तीन दुकानों से सैम्पलिंग किया है। वहीं खाद्य निरीक्षक प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कस्बे के हरि ओम स्वीट्स से छेना व बर्फी का सेम्पल लिया गया। और जायसवाल स्वीट्स से छेना , व कन्हैया स्वीट्स से छेना का सैम्पलिंग किया गया।

## भाजपाइयों द्वारा पटेल के जयंती पर लौह पुरुष को नमन कर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' नारे का किया समर्थन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास भवन स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के मूर्ति पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के निर्देश पर जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर भाजपा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती पर उनके विचारों को याद कर श्रद्धांजलि दी। राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चन्द्र यादव ने पटेल के विचारों को याद करते हुये सरदार पटेल के देश को दिए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत को हमेशा एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को सही मायने में एक राष्ट्र के रूप में धरातल पर उतारा, सरदार पटेल के विचारों को प्रधानमंत्री मोदी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के रूप में आगे बढ़ाने का काम करते हुए देश को हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में लाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने सरदार पटेल को गरीब और पिछड़ों का मसीहा बताया उन्होंने कहा कि सरदार पटेल पीड़ित और शोषितों की आवाज थे उनकी समस्या को उठाकर हमेशा उसका निस्तारण कराते थे। जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के



फलस्वरूप ही आज हमारा देश गणतंत्र बना है। अनेक धर्म एवं भाषाओं के होते हुए भी हमारे देश में एकता कायम है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, प्रमोद यादव, सरस गौंड, अनिल गुप्ता, रागिनी सिंह, रोहन सिंह, इन्द्रसेन सिंह, राजेश गुप्ता, विकास पंडा, मनीष सोनकर, पतंजलि पांडेय, पंकज श्रीवास्तव, अवनीश यादव, राखी सिंह, सरिता तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, विपिन सिंह सुड्डू, यसवंत साहू, अजय सेठ, विकास श्रीवास्तव, आयुष अस्थाना आदि उपस्थित रहें।

## गोरखपुर में प्रियंका की गर्जना : दूरबीन नहीं चश्मा लगाइए–अजय मिश्रा के साथ मंच साझा करने पर प्रियंका का शाह पर तंज

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रियंका गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा.'' प्रियंका ने कहा, मैं अमित शाह का बयान सुन रही थी. वे कह र1हे थे कि उत्तर प्रदेश में आज अपराधियों को ढूंढना होता है, तो दूरबीन की जरूरत पड़ती है. जबकि उनके पास अजय मिश्रा खड़े थे. जिनके बेटे ने किसानों को कुचल दिया. मैं उन्हें कहना चाहती हूं कि दूरबीन छोड़िए चश्मा लगाइए। प्रियंका बोलीं– गुरु गोरखनाथ के विचारों के विपरीत शासन कर रहे योगी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए जोर आजमाइश कर रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा आज सीएम योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर पहुंचीं. प्रियंका गांधी ने गोरखपुर में प्रतिज्ञा रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ और मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. प्रियंका ने कहा, योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ के विचारों के विपरीत शासन चला रहे हैं. इतना ही नहीं प्रियंका गांधी ने कहा, विपक्षी कहते हैं कि कांग्रेस भाजपा की ही टीम है. लेकिन मैं विपक्षियों को बताना चाहती हूं कि मर जाऊंगी, लेकिन भाजपा से मिलावट नहीं करूंगी। अमित शाह पर साधा निशाना। प्रियंका गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा. प्रियंका ने कहा, मैं अमित शाह का बयान सुन रही थी. वे कह रहे थे कि उत्तर प्रदेश में आज अपराधियों को ढूंढना होता है, तो दूरबीन की जरूरत पड़ती है. जबकि उनके पास अजय मिश्रा खड़े थे. जिनके बेटे ने किसानों को कुचल दिया. मैं उन्हें कहना चाहती हूं कि दूरबीन छोड़िए चश्मा लगाइए। ये आस्था का देश– प्रियंका। प्रियंका ने कहा, पिछले 2 सालों से मैं यूपी में काफी घूमी हूं. ये जाना है कि ये आस्था का देश है. हम देश, धरती, धर्म और नेताओं में आस्था रखते हैं. जब हम नेताओं में आस्था रखते हैं, तो ये आस्था रखते हैं कि ये जो लोग कह रहे हैं, वो निष्ठा के साथ करेंगे. जब हम बड़े बड़े विज्ञापन देखते हैं, तो बताया जाता है कि बहुत काम हुआ है, विकास हो गया. तो आस्था की वजह से लगता है कि विज्ञापन दिया है, तो कहीं ना कहीं विकास हुआ होगा. पीएम कह रहे हैं, सीएम कह रहे हैं, तो लगता है कि इसमें कुछ तो सच्चाई होगी. प्रियंका गांधी ने कहा, महिलाएं समझदार होती हैं. महिलाओं में लड़ने की क्षमता होती है. महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हुआ है. लेकिन जब राजनीति में और महिलाएं आएंगी, तो हम उनका सामना करेंगे। सरकार को



किसानों की चिंता नहीं– प्रियंका। प्रियंका गांधी ने कहा, जब पीएम मोदी 8000 करोड़ के विमान में इटली जाते हैं, तो लगता है कि शायद पीएम हमारे देश की शोभा बढ़ा रहे हैं. लेकिन जब मैं जाती हूं, तो सच्चाई कुछ और नजर आती है. मैं प्रयागराज में निषादों के गांव में गई थी. वहां पुलिस ने नाव जला दी थी. उन लोगों ने मुझे दिखाया कि उनकी नाव जला दी गई. नाव निषादों की मां होती है. इसी तरह से लखीमपुर में किसानों को कुचला गया. सरकार ने दिखा दिया कि किसानों की उनको बिल्कुल चिंता नहीं है. गोरखनाथ के विचारों के विपरीत सीएम योगी शासन चला रहे हैं। प्रियंका गांधी ने गोरखपुर से जनता को किए ये वादे। मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया जाएगा। बालू खनन और मछली पालन में निषादों को अधिकार वापस दिया जाएगा, गुरु मछेन्द्रनाथ यूनिवर्सिटी स्थापित करेंगे, किसानों का पूरा कर्जा माफ करेंगे, गेहूं और धान 2500 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा जाएगा, गन्ना 400 रुपए प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा, अन्ना पशुओं की समस्या का हल करेंगे, ताकि पशु भी बचे, आपका भी फायदा हो, 20 लाख सरकारी नौकरी देंगे, संविदा पर काम करने वाले परमानेंट करेंगे, कांग्रेस 40: महिलाओं को टिकट देगी, 12वीं पास छात्राओं को मोबाइल और स्नातक पास छात्राओं को स्कूटी मिलेगी, सरकार साल में तीन सिलेंडर मुफ्त देगी, छात्राओं–महिलाओं की यात्रा मुफ्त होगी, आगनवाड़ी महिलाओं को कम से कम 10 हजार मानदेय मिलेगा, 10 लाख तक मुफ्त इलाज सरकार कराएगी। विपक्षियों पर कसा तंज। प्रियंका ने कहा, जो कहते हैं कि कांग्रेस कमजोर है, वे इस भीड़ को देखें, ये भीड़ कांग्रेस के संगठन की भीड़ है. इसमें वे कांग्रेस कार्यकर्ता खड़े हैं, जो सालों से कांग्रेस का झंडा बुलंद कर रहे हैं. ये संगठन जनता के लिए है. हम आपकी लड़ाई लड़ेंगे. हम आपकी समस्याओं को उठाउंगी।

## तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर की तीनों इकाईयों द्वारा धूमधाम से मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : ''राष्ट्रीय सेवा योजना'' तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर की तीनों इकाईयों द्वारा कल दिनाँक 31/10/2021 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम लौह पुरुष की प्रतिमा पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वंदना सिंह द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वयं सेविकाओं को प्राचार्य महोदया ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और कहा कि धर्म और जाति के बन्धनों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए एक जुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। शपथ ग्रहण करने के पश्चात सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।




जिसमें प्रथम स्थान पर नेहा, द्वितीय स्थान पर खुशी, और तृतीय स्थान पर सोनी रही। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में उप प्राचार्य डॉ प्रमिला पांडे डॉ चित्रलेखा सिंह एवं डॉ निशा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह संपूर्ण कार्यक्रम वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजश्री सिंह डॉ शालिनी सिंह एवं डॉ पूनम सिंह के कुशल दिशा निर्देश पर संपन्न हुआ।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दर्जनभर स्वयंसेवक व सेविकाएं प्री–आर.डी. शिविर के लिए चयनित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्री–आर.डी.शिविर 2021 के लिए चयन शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें एक दर्जन स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं का चयन किया गया ।गणतंत्र दिवस परेड के लिए अभी से चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है ।राष्ट्रीय सेवा योजना भवन एवं एकलव्य स्टेडियम में चयन प्रक्रिया का



आयोजन किया गया। आगामी गणतंत्र दिवस पर दिल्ली परेड के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए सभी विश्वविद्यालयों से छात्रों का चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।इसी क्रम में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में चयन प्रक्रिया राष्ट्रीय सेवा योजना भवन एवं एकलव्य स्टेडियम में की गई। जिसका शुभारंभ कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया ।जिसमें भारत सरकार के प्रतिनिधि समरदीप सक्सेना , एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आर.एस. मोनी, नायक सूबेदार तरसेम कुमार, नायक हरमेन्दर,सांस्कृतिक कार्यक्रम की जज डॉ.प्रिया मुखर्जी के देख–रेख में प्रकिया शुरूहुई। इसमें विभिन्न प्रतियोगिता संस्कृतिक कार्यक्रम दौड़, परेड आदि के आयोजन से कुल 12 स्वयंसेवकों व सेविकाओ का चयन प्री–आर.डी. शिविर के लिए किया गया। जिसमें आधा दर्जन सेवक आधा दर्जन सेविकाओ का चयन किया गया है। यह नवंबर के मध्य में पटना में आयोजित दस दिवसीय चयन शिविर में शामिल होंगे। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ उदयभान यादव,डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ विनय वर्मा, डॉ पवन सिंह,डा शशिकान्त,डॉ राम मोहन अस्थाना, डॉ.संतोष गुप्ता ,डॉ.अमित गुप्ता ,डॉ.संतोष पांडे, डॉ. अनामिका मिश्रा, सत्यम सुंदरम मौर्य,स्नेहा, सुमित, विशाल, आशीष, धीरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ग्रेडिंग सेलेब्रेशन में बाँटे गए ब्लैक ब्राउन ग्रीन ऑरेंज और यलो बेल्ट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अंकुर विजय मार्शल आर्ट एकेडमी में रविवार को एक समारोह के दौरान छात्रों को ब्लैक, ब्राउन, ग्रीन, ऑरेंज और यलो बेल्ट प्रदान किए गए ।इस समारोह के मुख्य अतिथि





प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमेश गुप्ता एवं कायस्थ सेवा समाज के अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव और विशिष्ठ अतिथि के तौर पर संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीपक दुबे एवं युवा अध्यक्ष अजीत प्रताप यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए ।इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सोमेश गुप्ता के दीप प्रज्वलन से हुई तत्पश्चात अँकुर विजय मार्शल आर्ट एकेडमी के मेन्टोर एवं यूथ सूतोकान कराटे फेडरेशन के नेशनल कोआर्डिनेटर अँकुर श्रीवास्तव ने पूरे विधि विधान से छात्रों को बेल्ट वितरित किए ।बेल्ट पाने वालों में ब्लैक बेल्ट आनंद ब्राउन बेल्ट' अंशिका, भूमिका ग्रीन बेल्ट' विदित, अदिति, अनुष्का, अर्नव 'ऑरेंज बेल्ट' अभिनव, आराध्या, कृतिका यलो बेल्ट' सिमरन, आर्यन, अतुल, अभिनव मुख्य रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*जो चादर से ज्यादा पांव पसारते हैं उन्हें एक दिन लोगों के सामनें हांथ भी पसारनें पड़ते हैं–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोरोना वैक्सीन लेने में अब भी किन्तु–परन्तु क्यों

कोरोना की काट वैक्सीन को लेकर अब भी देश में बहुत से खास और आम लोगों में डर का भाव दिखता है। वे इसे लगवाने से बच रहे हैं। आप यह भी कह सकते हैं कि उनकी वैक्सीन लगवाने में कोई दिलचस्पी ही नहीं है। इस तरह तो देश में कोरोना को मात देना कठिन होगा। अब जरा देखें कि कोरोना की चपेट में आने के बाद उड़न सिख मिल्खा सिंह को मोहाली के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां भर्ती होने के बाद मिल्खा सिंह ने कहा कि उन्होंने कोरोना वैक्सीन लगवाने के संबंध में सोचा ही नहीं। हां, वे इसके वायरस को हरा देंगे।

बहुत अच्छी बात है कि वे कोरोना के वायरस को हरा दें। पर उनका वैक्सीन न लगवाना कतई सही नहीं माना जा सकता। फिलहाल तो यही एकमात्र कोरोना वायरस से लड़ने के लिए जरूरी हथियार है। समझ नहीं आता कि मिल्खा सिंह को उनके परिवार के सदस्यों या मित्रों ने वैक्सीन लगवाने के संबंध में क्यों नहीं कहा। अगर उन्होंने कोरोना वैक्सीन को वक्त रहते लगवा लिया होता तो वे दो–तीन दिनों में ठीक भी हो जाते, क्योंकि वैक्सीन कोरोना वायरस के असर को काफी हद तक खत्म कर देती है।

इसके उलट मुझे तो प्रतिदिन किसी न किसी मित्र या परिचित के फोन आते हैं कि उन्हें भी कोरोना हुआ पर पर उनकी तो जान सिर्फ इसलिये बच गई क्योंकि, उन्होंने वैक्सीन लगवा रखी थी।

इससे भी गंभीर मामला उत्तर प्रदेश से सामने आ रहा है। वहां कोरोना वैक्सीन लगवाने के डर के कारण अपने पास आती एक मेडिकल टीम को देखकर लोगों ने सरयू जैसी नदी में छलांग लगा दी। बाराबंकी की तहसील रामनगर में पिछले शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों को कोरोना रोधी टीका लगाने पहुंची, जिसकी भनक से ही ग्रामीण डर गए और छिपकर नदी के किनारे बैठने लगे। खबरें मिल रही हैं कि कुछ ने उफनती नदी में छलांग तक लगा दी ताकि उन्हें कोई टीका न लगाए। अब बताइये कि कोई भी सरकार कैसे कोरोना जैसे भयंकर वायरस को हरा सकेगी।

यकीन मानिए कि कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बाद ही भारत में एक हद तक वैक्सीन लगवाने को लेकर गंभीरता भी पैदा हुई है। उससे पहले तो अधिकतर लोग इसे लगवाने से बच ही रहे थे। अब जब कोरोना का संक्रमण बेहद जानलेवा साबित होने लगा तो युवाओं के लिए भी वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी हो गया प क्योंकि, वैक्सीनेशन के बाद बीमारी की गंभीरता और उससे मौत होने का खतरा काफी कम हो जाता है। युवाओं के लिए वैक्सीन लगवाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि युवा तेजी से कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमित हो रहे थे। वैक्सीन लगवाने से कोरोना फैलने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है और लोग सामान्य जीवन की ओर बढ़ सकते हैं। कई पश्चिमी देशों में भी देखा गया है कि वैक्सीनेशन के बाद लोग सामान्य जीवन की ओर बढ़ने लगे हैं। अब तो अमेरिका में मास्क लगाना तक जरूरी नहीं रहा और खाने–पीने के सार्वजनिक रेस्टोरेंट तक खुलने लगे।

अगर बात आंकड़ों की करें तो हमारे देश की 38 फीसदी आबादी 19 से 44 उम्र के लोगों की है। देश में अब तक लगभग 18 करोड़ लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं। टीकाकरण अभियान के दौरान 45 से 60 साल के 5,76,53,924 लोगों को कोविड–19 टीके की पहली खुराक तथा 92,39,392 लोगों को दूसरी खुराक भी लगायी गयी है। इसके अलावा 60 साल से ऊपर के 5,46,60,900 लोगों को पहली खुराक और 1,79,10,024 लोगों को दूसरी खुराक दी गयी है। पर अभी भी बहुत बड़ा लक्ष्य बाकी है। सारे देश में वैक्सीन लगाने में तो वक्त लगेगा। पर पहले तो देश की जनता जागृत तो हो और इसको लगवाने को लेकर आगे भी आए।

पहले तो बहुत से लोगों में वैक्सीन को लेकर उथल–पुथल मची हुई थी। ये हाल तब है जब सरकार, डॉक्टर, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ लगातार इस बात को कहते रहे हैं कि अपनी बारी आने पर वैक्सीन जरूर लें, इससे ही कोरोना संक्रमण की बढ़ती हुई चेन को तोड़ा जा सकता है। इस वैक्सीन को लेकर शुरू में कुछ आशंकाएँ और संदेह भी जाहिर किए जा रहे थे। उन आशंकाओं, अफवाहों और भ्रमों को दूर करने के लिए एम्स के डॉयरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने खुद ही सबसे पहले कोरोना वैक्सीन की डोज ली थी। भारत में कोरोना के खिलाफ टीकाकरण की शुरुआत की दिशा में यह एक बड़ा कदम था। कोरोना वायरस ने तो दुनिया के हरेक इंसान की आंखों से आंसू निकलवा दिए हैं। करोड़ों परिवारों को बर्बाद कर दिया है और लाखों लोगों की जान ले ली है।

दरअसल यह संक्रमण हवा के जरिए अधिक तेजी से फैल रहा है न कि संक्रमित सतह को छूने से। पूरी दुनिया में भारत फिलहाल एकमात्र ऐसा देश है जहां इसके सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं। अभी वैक्सीन दिये जाने का काम कई राज्यों में रुक–सा भी गया है या मंद पड़ गया है क्योंकि इसकी खुराक ही खत्म हो गई है। पर ये मसला जल्दी ही हल हो जाएगा। देश में कोरोना से लड़ने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है कि टीकाकरण का काम जल्द पूरा हो जाए। हम भारत में कोरोना के प्रभाव को कम करने के लिए अपने देश में बने दो तरह के टीके लगा रहे हैं। अब रूस में बना टीका भी लगने लगेगा। कोरोना के नियंत्रण में रूसी वैक्सीन "स्पूतनिक वी" को 97.6 प्रतिशत तक कारगर माना जा रहा है। इसका अब हिमाचल प्रदेश के बद्दी में बड़े पैमाने पर उत्पादन भी होगा। यहां बनने वाली वैक्सीन की गुणवत्ता की देखरेख रूस से की जाएगी। इसकी आपूर्ति भी रूस को ही जाएगी। बताया जा रहा है कि रूस ने भारत में स्पूतनिक वी की 18 मिलियन खुराक भेजने की योजना की घोषणा की है, जिसमें मई माह में 30 लाख, जून में 50 लाख और जुलाई में 10 मिलियन खुराक शामिल है।

कोरोना की दूसरी लहर घर–घर तक पहुंच गई है। इसने सारे देश को हिलाकर रख दिया है। इसकी वजह से सारे देश को भारी क्षति हुई है। इसलिए अब यह जरूरी है कि कोरोना की वैक्सीन लेने में कतई देरी न की जाए। इस तरह का कोई भी कदम नासमझी भरा ही होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# यातायात माह का हुआ शुभारम्भ : सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सुरक्षित यातायात को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात इंदु प्रभा सिंह महाराणा प्रताप बालिका इंटर कालेज से यातायात माह का शुभारंभ किया पुलिस अधीक्षक यातायात ने कार्यक्रम में बताया कि वाहनों को सावधानी पूर्वक व नियमानुसार चलाएं। बाईक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग अवश्य करें तेज वाहन न चलाएं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें साथ ही वाहन चलाते समय नशीली पदार्थों का सेवन न करने की अपील किया यातायात माह पूरे नवम्बर माह तक चलाया जायेगा और इस दौरान विशेष तौर पर कम उम्र के वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी जायेगी स्कूल संचालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा स्कूलों में भी जा कर बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा जनता से सहयोग की अपील की गई यातायात माह की आज से शुरुआत हुई है और महीने भर यातायात नियमों के लिए चलने वाले जागरूकता अभियान की वजह से लोगो को यातायात के प्रति जागरूक करने में काफी मदद मिलेगी साथ ही एसपी ट्रैफिक ने जनता से ये भी अपील किया है कि शहर में कही पर भी यातायात व्यवस्था



को लेकर कोई दिक्कत अगर है तो वो मुझसे मिलकर अपनी समस्या बता सकता है उस समस्या का समाधान करने की पूरी कोशिश की जाएगी आज यातायात माह के शुभारंभ के अवसर क्षेत्राधिकारी यातायात जेपी सिंह,प्रधानाचार्य महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेजः यातायात निरीक्षक अख्तियार अहमद अंसारी, यातायात निरीक्षक मनोज कुमार राय, यातायात निरीक्षक विनोद कुमार उप निरीक्षक हरिद्वार सिंह, सुमित मिश्रा यातायात निदेशालय लखनऊ ध्संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक यातायात ने अपने सम्बोधन में यातायात पुलिस के जवानों से कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था में अपना सहयोग पूरी ईमानदारी से दे और जहाँ भी ड्यूटी लगे आमजनमानस को यातायात के प्रति जागरूक करे। माना जा रहा है कि यातायात माह नवंबर की शुरुआत और जागरूकता से काफी हद तक दुर्घटनाओं पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी।

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत 10 अतिरिक्त उपनिरीक्षक 50 अतिरिक्त आरक्षियों को मुख्य चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस लाइन से लगाया गया

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने और बाजार में आ रही भीड़ के दृष्टिगत 10 अतिरिक्त उपनिरीक्षक, 50 अतिरिक्त आरक्षियों को नगर क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस लाइन से लगाया गया है। जनपद के सभी पुलिस अधिकारी भी क्षेत्र में भ्रमणशील रहें और दिवाली तक सभी को फील्ड में रहने को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा भी नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए यातायात व्यवस्था तथा नगर क्षेत्र में स्थापित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। ट्रैफिक नियंत्रण कक्ष को निरीक्षण करते समय वहाँ लगे CCTV कैमरा में रुस्तमपुर चौराहे पर तैनात यातायात नियंत्रण में लापरवाही बरतते हुए HC TP जितेंद्र और CTP राजेंद्र नजर आए जिस पर उन्हें कंट्रोल रूम से चौराहे पर लगे PA सिस्टम के जरिये सचेत किया गया और उनका OR में दंडित करने के





लिए निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने आज रुस्तमपुर ,शास्त्री चौराहा , बेतियाहता, छात्रसंघ,असुरन, मोहाद्दीपुर, पादरी चोक, खजांची चौराहा इत्यादि का भ्रमण कर तैनात फोर्स से वार्ता की गयी और हाल चाल जान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## क्यू ग्रुप का आठवां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। क्यू ग्रुप फैमिली ने लखनऊ में अपने कारपोरेट कार्यालय में आठवां स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। मैनेजिंग डायरेक्टर विनय सिंह ने क्यू ग्रुप की स्थापना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया से प्रेरणा लेकर भारत में 2013 में औपचारिक रूप से क्यू ग्रुप की स्थापना की। आज 12 राज्यों में क्यू ग्रुप का विस्तार हो चुका है। निकट भविष्य में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सेवाओं का विस्तार करने की योजना है और वर्ष 2022 की शुरुआत में पश्चिम भारत में क्यू ग्रुप की विस्तारीकरण की बृहद योजना है। महाप्रबंधक विकास शर्मा ने बताया कि क्यू ग्रुप की स्थापना सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। क्यू ग्रुप के अंतर्गत क्यू प्लस सिक्योरिटी सर्विसेज विशेष रूप से गैरसरकारी क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने के लिए एवम् क्यू सिक्योरिटी सर्विसेज की स्थापना विशेष रूप से सरकारी प्रतिष्ठानों में सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई। क्यू सिक्योरिटी के महाप्रबंधक विकास





मिश्रा एवम् पदाधिकारियों ने आज स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## त्योहारों पर अलर्ट मोड में पुलिस महकमा ड्रोन से बाजारों और भीड़भाड़ भरे इलाकों की होगी निगरानी : हटाया जाएगा अतिक्रमण

आजमगढ़ ब्यूरो : त्योहारों को लेकर आजमगढ़ पुलिस अलर्ट मोड में है। जिले में निगरानी बढ़ा दी गई है। निगरानी के लिए पुलिस अब ड्रोन का सहारा लेगी। ड्रोन की मदद से पुलिस बाजारों और भीड़भाड़ भरे इलाकों में निगरानी करेगी। साथ ही संदिग्ध मिलने पर उनका फोटो भी लेगी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि हर जगह सुरक्षा–व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अगर व्यापारी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हों तो वह पुलिस की हेल्पलाइन नंबर डायल 112 पर कॉल कर मदद ले सकते हैं। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि अगले कुछ दिनों में दीपावली, भैयादूज और छठ का त्योहार है। इसे लेकर बाजारों में भीड़ भी बढ़ने लगी है। जिसे देखकर सुरक्षा–व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि चोर उच्चकों पर नजर रखने के लिए ड्रोन लगाए जाएंगे। देर रात तक पुलिस की ड्यूटी बढ़ा दी गई है। भीड़ वाले इलाकों में पुलिस की हेल्प लाइन नंबर 112 की गाड़ी लगा दी गई है। साथ ही पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि देर रात तक महिलाएं खरीदारी कर रही हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर भी पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। हर चौराहे व तिराहे पर सुरक्षा की व्यवस्था बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से भी संपर्क किया गया है। वह अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो पुलिस को सूचना दें। अतिक्रमणमुक्त होंगी शहर की सड़कें: एसपी। शहर की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त किया जाएगा। जिलाधिकारी, एसडीएम व नगर पालिका से संपर्क कर अतिक्रमण



के खिलाफ अभियान चलेगा। इसके लिए चिह्नांकन किया जाएगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि पहले हम उन स्थानों से अतिक्रमण हटाएंगे जहां सड़कें संकरी हो गई हैं। जिससे दुर्घटनाएं होने की अधिक संभावनाएं हैं। इसके बाद बाकी के स्थानों से अतिक्रमण चलाया जाएगा। दुकानदार पहले ही खुद अपने अतिक्रमण हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फूंका जिहादियों का पुतला

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने सथापना काल से ही छात्रों के साथ खड़े होने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो छात्रों हितो के लिये संघर्ष करता आया है और जब जब देश व समाज में सकारात्मक उर्जा की आवश्यकता पड़ती है तो विघार्थी परिषद के कार्यकर्ता छात्र शक्ति राष्ट्र शक्ति के अपने ध्येय वाक्य को सार्थक सिद्ध करते हुए समाज के बीच में नजर आता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद त्रिपुरा प्रदेश के केलाशहर नामक स्थान पर RKI विघालय में ABVP के कार्यकर्ता विधालय में परमिशन लेकर सदस्यता करने गए थे। वापस आते समय विघालय के गेट पर 3 लड़के बाइक से आते है और अन्दर घुस कर पीछे से पत्थर से वार करते है। और स्कूल के 1–2 शिक्षक भी उन गुंडों का साथ देते हैं। जबकि स्कूल और पुलिस स्टेशन दोनों आमने सामने है तभी कुछ 10 –12 लोग पुलिस स्टेशन के सामने ही आकर मार देने काट देने की धमकी देते है, और संगठन के कार्यकर्ता जब भारत माता और ABVP के नारे लगा रहे होते हैं, तभी एक लड़का मोहमद नजमुल इस्लाम s/o बोसिर अली ने आकर धमकी देने लगा जिससे अपने कार्यकर्ता शिवाजी सेन गुप्त(नगर मंत्री) पर मो नजमुल इस्लाम ने शिवाजी सेन गुप्त पर चाकू से पेट के दाहिने हिस्से पर वार किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगरा महानगर द्वारा सेंट जॉन्स चौराहा पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा त्रिपुरा में जिहादियों ने जिस तरह कार्यकर्ताओं पर हमला किया उनके विरोघ में आगरा महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिहादीयो का पुतला फूंका और जल्द से जल्द उनकी गिरफ्तारी की माँग को लेकर विरोधा प्रदर्शन करते हुए रोष व्यक्त किया। संगठन के महानगर मंत्री और प्रांत सोशल मीडिया संयोजक शुभम कश्यप ने कहा भारत की एकता–अखंडता व अस्मिता को छिन्न–भिन्न करने की मानसिकता को अपनाकर जिस प्रकार आज देश में कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी व कथित जेहादी आतंक के परिचायक बने हुए हैं अभाविप के कार्यकर्ताओं पर जेहादियों द्वारा किया गया हमला अत्यंत शर्मनाक है। अभाविप इस जेहाद प्रेरित मानसिकता के खिलाफ सदैव संघर्ष करती रहेगी। प्रांत सहछात्रा प्रमुख विद्यार्थी परिषद स देवी राष्ट्रहित मैं बात करती हू आई है जब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर ऐसे जिहादियों ने हमला किया है विद्यार्थी परिषद के प्रत्येक कार्यकर्ता रोष व्यक्त करते हैं इस दौरान महानगर के समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय परिसर में किया गया स्वरोजगार मेले का आयोजन

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को महिला अध्ययन केंद्र द्वारा स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। स्वरोजगार मेले का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने किया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्वरोजगार मेला विद्यार्थियों में नई चेतना जागृत करेगा। इस मेले के द्वारा कई संदेश दिए गए हैं भारतीय संस्कृति के संरक्षण के साथ–साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं कौशल का विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जुड़े विषयों पर विश्वविद्यालय प्राथमिकता से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने बताया कि स्वरोजगार मेले में लगाए गए स्टाल में देशी गाय के गोबर से निर्मित दीप, धूपबत्ती, डिजाइनर दीये, साज सज्जा की सामग्री, मिट्टी के खिलौने, अचार पापड़ आदि सामग्रियां लोगों द्वारा खरीदी गई। विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने



खरीदारी की। इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह, प्रोफेसर बंदना राय, प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर प्रोफेसर वी डी शर्मा, डॉ मनोज मिश्र, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अनीता सिंह, अनु त्यागी प्रियंका सिंह सोनम झा, रेखा पाल, विनय वर्मा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मृतक परिजन को दिया 15 हजार की आर्थिक मदद व रोजगार यन्त्र : अजय विश्वकर्मा

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : नेता सत्ता प्राप्ति के लिए जनता को केवल आश्वासन देते आ रहे हैं। वहीं जमीनी स्तर से जुड़ कर अजय विश्वकर्मा ने लोगों की आर्थिक व शारीरिक मदद करते हुए नजर आ रहे हैं। सदर विधानसभा के गांव से लेकर शहर तक के अपने क्षेत्र में सभी वर्गों के समाज के समस्याओं को देखते हुए, अजय विश्वकर्मा ने जरूरत मन्दो को मदद करने की भरसक प्रयास कर रहे हैं। युवा अजय विश्वकर्मा प्रेस वार्ता में बताया कि समाजवादी पार्टी के सरकार बनने पर हमारे क्षेत्र में जितने कमजोर वर्ग, बेरोजगार और जो युवक पैसे की अपेक्षा में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। उनका आर्थिक मदद करूँगा, शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें आगे ले जाने का कार्य करूंगा। सदर विधानसभा के मनिक्षा गांव में एक निहाय गरीब परिवार के मुखिया रामअचल बिंद के शार्प काटने से 45 दिन पूर्व मृत्यु हो जाने पर मृतक आश्रित सरिता बिन्द व दो पुत्री और एक पुत्र के भरण पोषण में मुश्किल का सामना पड़ रहा है। मृतक के घर में कहीं से भी इनकम का स्रोत ना होने के कारण परिवार पड़ोसीयों से उधर लेकर खाने पीने की व्यवस्था



करने लगे। रामअचल बिन्द की मृत्यु की सूचना जब राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव को हुई तो मृतक के घर पर पहुंचकर आश्वासन दिलाएं कि आप की हरसम्भव मदद की जाएगी। लेकिन आज तक कुछ सहयोग नहीं मिल सका। इसकी सूचना जब युवा नेता समाजवादी पार्टी के अजय विश्वकर्मा को हुआ तो तत्काल अपने सहयोगियों के साथ मृतक के घर पहुंच कर उसे 15000 का चेक दीया और घर पर भोजन सामाग्री उपलब्धा कराया और रोजगार चलाने के लिए मृतक रामअचल की, पत्नी सरिता देवी को सिलाई मशीन दीया और आश्वासन दिया कि विधवा पेंशन और मुख्यमंत्री राहत कोष से 400000 दिलाऊंगा।

## पीएम मोदी और अखिलेश के गढ़ से पूर्वांचल की नब्ज टटोलेंगे अमित शाह : भाजपा के चुनावी अभियान का कर सकते हैं शंखनाद

वाराणसी ब्यूरो : पूर्वांचल की सियासत को बारीकी से समझने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आजमगढ़ और वाराणसी में प्रवास कर यहां की सियासी नब्ज टटोलेंगे। विधानसभा चुनाव से पहले बूथ स्तर तक भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के लिए वाराणसी में 12 नवंबर को एक दिन में आठ से ज्यादा बैठकें लेंगे। इसके साथ ही सपा मुखिया अखिलेश यादव के संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में 13 नवंबर को रैली कर भाजपा के चुनावी अभियान का शंखनाद भी कर सकते हैं। गृह मंत्री अमित शाह का लखनऊ दौरा पूरा होने के साथ ही पूर्वांचल प्रवास की रणनीति तैयार की गई है। इसमें अलग–अलग सांगठनिक बैठकों के साथ ही समाज में पैठ रखने वाले लोगों के साथ भी वे चर्चा करेंगे। इस दौरान काशी क्षेत्र के 71 विधानसभा सीटों पर सक्रिय दावेदार, पूर्व प्रत्याशी, विधायक सहित अन्य लोगों की रिपोर्ट कार्ड की भी समीक्षा करेंगे। दरअसल, अमित शाह ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी के रूप में यूपी की सियासत पर मजबूत पकड़ बनाई थी। यही कारण है कि वर्ष 2014 के लोकसभा और वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में उनकी रणनीति के चलते भाजपा ने पूर्वांचल में क्लीन स्वीप की स्थिति बनाई। वर्ष 2019 में भी उन्होंने पूर्वांचल के लिए विशेष रणनीति के साथ काम किया था और विरोधियों को मात दी थी। राजभर मतों को साधने के



साथ ही जातीय समीकरण को साधने की कवायद। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने प्रबंधन के लिए प्रभारी नियुक्त किए हैं और हर सीट पर जीत–हार का आकलन किया जा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि अमित शाह पूर्वांचल की कमान खुद संभालेंगे। यहां बता दें कि काशी क्षेत्र की 71 सीटों पर वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 55 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार सुभासपा ने अपना नाता तोड़ लिया है और सपा के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। ऐसे में भाजपा राजभर मतों को साधने के साथ ही जातीय समीकरण को साधने की कवायद में है। भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्र बताते हैं कि अमित शाह के दौरे के बाद पूर्वांचल में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति भी तय होगी।

# महिलाओं ने दी वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि: कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में रविवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरस्वती सदन स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर कुलपति, रजिस्टार समेत शिक्षकों ने माल्यार्पण किया। इस दौरान कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इसके बाद विद्यार्थियों ने एकलव्य स्टेडियम तक रन फॉर यूनिटी मार्च निकाला। इसकाध नेतृत्व सहायक सचिव दीपक कुमार सिंह, सुश्री बबीता सिंह और अन्नू त्यागी ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बारडोली सत्याग्रह आंदोलन के सफल होने के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि प्रदान की थी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने 562 छोटी–बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में मिलाकर एक भारत राष्ट्र का निर्माण कराया। इस अवसर पर कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार ने कहा कि



किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। इसी वजह से उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल देश के युवाओं के लिए पहले भी अनुकरणीय थे और आज भी रहेंगे। इसके बाद फार्मेसी संस्थान में डॉ विनय वर्मा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। इसके पूर्व संकाय भवन में भारतीय स्वाधीनता एवं राजनीति योगदान विषय पर 29 अक्टूबर को एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विजेता प्रतिभागियों को आज पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक श्री वीएन सिंह, डॉ के एस. तोमर, प्रो.बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पार्थीडकर, प्रो. देवराज सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ राजकुमार, डॉ रजनीश भास्कर, एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश यादव, डॉ मनोज पांडेय, डॉ सुनील कुमार, डॉक्टर रामनरेश यादव, अनु त्यागी,डॉ विनय वर्मा डॉक्टर आलोक दास डॉक्टर झांसी मिश्र समेत काफी संख्या में शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विशिष्ट जनों की उपस्थिति में राज कालेज की वार्षिक पत्रिका "सृजन" का हुआ भव्य विमोचन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर शहर के प्रसिद्ध व प्राचीन कॉलेज राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय (राज कॉलेज), जौनपुर की वार्षिक पत्रिका "सृजन" 2021 का विमोचन राजमहल के प्रांगण (हवेली,राजा जौनपुर) में किया गया। यह कार्यक्रम गणमान्य जन प्रतिनिधियों, जौनपुर के विभिन्न इंटर व डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यो, ख्यातिलब्ध विद्वानों व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके पूर्व मां सरस्वती, राजा श्रीकृष्ण दत्त, राजा यादवेन्द्र दत्त एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ0 गंगाधर शुक्ला व डॉ0 मृत्युन्जय मिश्रा द्वारा सस्वर मंत्रोच्चार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि रहे मा0 जगदीश नारायण राय, (पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0) डॉ0 हरेंद्र प्रताप सिंह (विधायक जफराबाद), सुरेंद्र सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख), प्रोफेसर आर.एन. त्रिपाठी (लोक सेवा आयोग सदस्य व प्रो. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी), बृजेश सिंह प्रिंसु (एम. एल.सी. जौनपुर), यादवेंद्र चतुर्वेदी (वरिष्ठ अधिवक्ता), विनीत सेठ (गहना कोठी), कर्नल रामदास द्विवेदी का महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया गया। डॉ0 सुनीता गुप्ता ने पत्रिका "सृजन" 2021 की आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस पत्रिका का प्रकाशन सन 2008 से किन्ही कारणों से नहीं हो पा रहा था। पत्रिकाएं महाविद्यालय का दर्पण होती है, जो महाविद्यालय की शिक्षा, गुणवत्ता व सृजनात्मकता का प्रदर्शन करती है। इसलिए इसकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन (डॉ.) अखिलेश्वर शुक्ला द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत ही पत्रिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया और पत्रिका समिति



का गठन कर प्रकाशन की जिम्मेवारी डॉ0 सुधा सिंह, मुख्य अनुशास्ता को दी गयी और उनके द्वारा इस कार्य को तत्परता से पूर्ण किया गया। डॉ0 लालसाहब द्वारा महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान स्वरूप तक की उत्तरोत्तर विकास की आख्या प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित गणमान्य जनों ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर तथा महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं संस्थापक राजा यादवेन्द्र दत्त जी के राष्ट्रीय स्तर पर योगदान की चर्चा करते हुए पत्रिका के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात नारी शक्ति स्वरूपा महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाओं डॉ0 ज्योत्सना श्रीवास्वत, डॉ0 सुधा सिंह, डॉ0 अनामिका सिंह, डॉ0 सुनीता गुप्ता, डॉ0 अनीता सिंह, डॉ0 नीता सिंह, डॉ0 गगनप्रीत कौर, डॉ0 मधु पाठक, डॉ0 रागिनी राय, डॉ0 गुंजन मिश्रा, डॉ0 नमिता श्रीवास्तव, को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक रहे डॉ0 अभय प्रताप सिंह, को ए0पी0एन0 कालेज, बस्ती एवं मड़ियाहू पी0जी0 कालेज, के डॉ0 एस0के0 पाठक को नव नियुक्त प्राचार्य पर चयनित होने पर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्राचार्य कैप्टन (डॉ0) अखिलेश्वर शुक्ला ने कहाकि भारतीय संस्कृति एवं परम्परा में अतिथि को देवता के समान (अतिथि देवो भवः) माना जाता है साथ ही कहाकि आज के इस कार्यक्रम में यह स्पष्ट है कि व्यक्ति को केवल वाणी से नहीं बल्कि उनके व्यवहार एवं प्रस्तुति से समझा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मधु पाठक और डॉ0 सुनीता गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में श्री महेन्द्र नाथ सेठ (श्री बालाजी ज्वेलर्स) ऋषिकेश द्विवेदी (ऋषिकुल एकेडमी), श्याम नारायण मिश्रा (श्याम गुरू) डॉ0 मयानंद उपाध्याय, डॉ0 अवधेश द्विवेदी, डॉ0 अखिलेश कुमार गौतम, डॉ0 मनोज वत्स, डॉ0 श्यामसुन्दर उपाध्याय, डॉ0 विजय प्रताप तिवारी, डॉ0 ओमप्रकाश दूबे, डॉ0 यदुवंश कुमार, डॉ0 संतोष कुमार पाण्डेय, डॉ0 राजेश प्रसाद तिवारी, डॉ0 अजय मिश्रा, डॉ0 नीशिथ कुमार सिंह डॉ0 धर्मवीर सिंह, डॉ0 विवेक यादव, डॉ0 चन्द्राम्बुज कश्यप, डॉ0 राजेन्द्र सिंह, डॉ0 अतुल श्रीवास्तव, डॉ0 सुधाकर शुक्ला, डॉ0 आशीष कुमार शुक्ला, डॉ0 अनिल मौर्य, डॉ0 अवनीश मिश्रा, सुधाकर मौर्य, संजय सिंह, स्वयं यादव, सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व प्राध्यापिकायें तथा समस्त गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 6 नवंबर को निकलेगी भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभा यात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगवान श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के दिन 6 नवंबर को निकलने वाली शोभायात्रा के संदर्भ में कैम्प कार्यालय पर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नीलमणी श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष ने किया संचालन राजेश श्रीवास्तव महासचिव ने किया। प्रदेश बैठक को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी सबके भगवान है ये पूरे संसार की रचना लेखा जोखा रखते हैं ज्यादा से ज्यादा लोग शोभायात्रा में शामिल हो कर पुण्य के भागीदार बने। प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रशेन श्रीवास्तव मुन्ना ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा 6 नवंबर को चित्रगुप्त मंदिर रुहट्टा से शाम चार बजे निकलकर ओलंदगंज कोतवाली होते हुए भगवान चित्रगुप्त मंदिर बाबा बारीनाथ मठ उर्दू बाजार तक जायेगा। शोभायात्रा संयोजक राकेश श्रीवास्तव साधु प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान की झांकी सजाई जाएगी और गाजे बाजे के साथ विधिविधान से निकाली जाएगी। कार्यक्रम संयोजक राकेश श्रीवास्तव पूर्व प्रसासनिक अधिकारी ने बताया कि शोभायात्रा भगवान चित्रगुप्त मंदिर बारीनाथ मठ पहुचने पर भजन




सम्राट पंकज सिन्हा का भजन संध्या महाआरती प्रसाद भंडारा होगा। राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव ने सभी भक्तों से भगवान चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने नगर वासियों से अपील किया कि भगवान श्री चित्रगुप्त की शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत करे।भगवान श्री चित्रगुप्त जी पूरे संसार के सभी प्राणियों के आराध्य देवता है। बैठक में ई अमित श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव डॉ संजय श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव सभासद भानु चन्द श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव हैप्पी हरिश्चंद्र श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव भानु श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव अमन सिन्हा अमित श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव राहुल श्रीवास्तव प्रशांत पंकज श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव खुशबू श्रीवास्तव प्रियंका श्रीवास्तव संगीता श्रीवास्तव नीतू श्रीवास्तव इंदु श्रीवास्तव पूनम श्रीवास्तव आरती श्रीवास्तव पूजा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# धूम–धाम से मनाया गया सरदार पटेल जयन्ती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला मुख्यालय पर सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष भारत रत्न आधुनिक भारत के निर्माता,अखंड भारत के शिल्पकार,एकता के प्रतिमूर्ति भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जयन्ती के अवसर पर विकास भवन में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया इस कार्यक्रम के दौरान श्री पटेल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश के एकता के सूत्रधार थे ऐसे महापुरुष को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है गृह मंत्री



बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन इमानदारी से करते हुए छोटी–बड़ी रियासतों को भारत में विलय कराया देश के एकता के सूत्रधार थे भारत की राजनीति इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता पटेल नवीन भारत के निर्माता थे राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे देश के विकास में सरदार पटेल का महत्व को सदैव याद रखा जाएगा देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीति इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया था वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी उनके इमानदारी के कारण विश्व के राजनीतिक मानचित्र में उन्होंने अनोखी स्थान बना लिया भारत की स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण योगदान था स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के उप प्रधानमंत्री,गृह मंत्री,सूचना प्रसार मंत्री रहे इससे भी बढ़कर उनकी ख्याति भारत के राजवाड़े को शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय संघ में शामिल करने तथा भारत की राजनीति के एकीकरण के कारण पटेल ने भारतीय संघ में उन्हें रियासतों का विलय किया जो सबमें सु प्रभुता प्राप्त थी उनका अलग झंडा और अलग शासक था आज देश को फिर सरदार पटेल जैसा नेता की आवश्यकता है वर्तमान परिवेश में देखा जाए तो इस समय केंद्र व प्रदेश में चलने वाली सरकार पूरी तरह विफल है और महापुरुषों के नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है उनके विचार धाराओं पर कार्य करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनेताओं को सरदार पटेल से सीख लेनी चाहिए इसी क्रम में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भी सरदार पटेल के प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया इस कार्यक्रम के दौरान शरद पटेल,दीपक पटेल, राजकुमार सिंह,वृजेन्द्र पटेल,मुन्ना लाल,श्याम सुन्दर,राजेश यादव,विनोद कुमार,आलोक पटेल,रितिक पटेल,शाहआलम अन्सारी,राजेन्द्र प्रसाद,राजकुमार मौर्या,जंगबहादुर पटेल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## बी आर पी इंटर कॉलेज जौनपुर के प्रांगण में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई लौह पुरुष की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बी आर पी इंटर कॉलेज जौनपुर के प्रांगण में छात्र–छात्राओं एवं एनसीसी कैडेटों के द्वारा प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुभाष चंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला



बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में भारत रत्न से विभूषित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यह रैली विद्यालय से निकलकर अंबेडकर चौराहा तक तथा अंबेडकर चौराहे से विकास भवन में स्थापित लौह पुरुष देश के नायक सरदार पटेल जी की मूर्ति तक रनवे किया गया जिसमें राष्ट्रीय एकता दिवस मनाए जाने का संकल्प विश्वास को आत्मसात किया गया तथा विद्यालय प्रांगण के सभागार में विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण एवं छात्र–छात्राओं द्वारा उनके जीवन की सत्य निष्ठा ईमानदारी परोपकार, एकता के सूत्र मंत्र को याद करते हुए सभी लोगों ने नमन करते हुएश्रद्धांजलि समर्पित किया

## निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन मो0 हसन इन्टर कालेज में किया गया

जौनपुर सू.वि. : निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम का आयोजन मो0 हसन इन्टर कालेज में किया गया। मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित एवं गुब्बारा छोडकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 01 जनवरी 2022 को जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची में हुई गलती को सही किया जायेगा और अधिक से अधिक नये मतदाता सम्मिलित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जेन्डर रेसियों ठीक कराने के लिए महिलाओं को मतदाता बनने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने सभी से सहयोग करने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि एनवीएसपी पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर मतदाता बनने के लिए फार्म–6 भरकर आनलाइन आवेदन कर सकते है। इस एप के माध्यम से निर्वाचन से सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते है। 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा फार्म–6 वितरित किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने रंगोली, मेंहदी, निबन्ध व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों को मतदाता बनने व मतदान के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कालेज में बनें मतदाता हेल्प डेस्क का शुभारंभ भी किया। हेल्प डेस्क कक्ष में कैम्पस अम्बेसडर से जानकारी ली कि उनके द्वारा लोगो को मतदाता बनने के लिए किस प्रकार जागरूक किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने वोटर हेल्प लाइन एप भी डाउनलोड कराया। स्वागत प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर ने किया तथा आभार प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने किया। संचालन अजय विक्रम सिंह व शहजाद आलम ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय कुमार, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, रमेश चंद्र यादव, प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, डा कमर अब्बास, सैसलाउद्दीन, सुशील सिंह, मोहम्मद अब्बास खान, अनवर अलवी, डा शाहिद अलीम, मोहम्मद जैस, धर्मेंद्र यादव, आदि उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा धूम–धाम से मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर नूरपुर मतरी सुजानगंज में विशाल जनसभा के रूप में आयोजित कर मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव राजनारायण बिंद व कार्यक्रम प्रभारी पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल मौजूद रहे मुख्य अतिथि राजनारायण बिन्द ने उनके जीवनी पर डालते हुए कहा सरदार बल्लभ भाई पटेल भारत के आजादी के प्रथम गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री बने बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे पटेल को सत्याग्रह की सफलता पर यहां की महिलाओं ने सरदार की उपाधि प्रदान की आजादी के बाद विभिन्न हिस्सों में बिखरे भारत के भू–राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का विश्व मार्क और लौह पुरुष भी कहा जाता है पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कहा पटेल जी महात्मा गांधी के प्रति सरदार पटेल की अटूट श्रद्धा थी गांधी जी की हत्या में कुछ क्षण पहले निजी रूप से उनसे बात करने वाले पटेल अंतिम व्यक्ति थें उन्होंने सुरक्षा में चूक को गृह मंत्री होने के नाते अपनी गलती माना उनकी हत्या के सदमे से उबर नहीं पाए गांधी जी के मृत्यु




के 2 महीने के भीतर ही पटेल जी को दिल का दौरा पड़ गया था कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा सरदार बल्लभ भाई पटेल एक भारतीय बैरिस्टर और राजनेता थें वह भारतीय गणराज्य के संस्थापक जनको में एक थें वे एक सामाजिक कार्यकर्ता थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए कड़ा संघर्ष किया और देश को एकता के सूत्र में बांधने में उन्होंने काफी योगदान दिया था कार्यक्रम में मुख्य रूप से ननकू यादव जयहिंद यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,राजेश विश्कर्मा, राजेश झल्लूराम,पंकज पटेल विशाल यादव, श्याम नरायन बिन्द, राम अकबाल यादव, डां दिलीप गौतम, पंचम पटेल, विनोद मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# तीन लाख के अवैध पटाखे के संग एक आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने रविवार रात छापेमारी कर तीन लाख रुपये से अधिक का पटाखा बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान करते हुए जेल भेज दिया है।मड़ियाहूं कोतवाली थाना अंतर्गत मुहल्ला भंडरिया टोला में शनिवार की शाम पटाखा की फैक्ट्री में पटाखा बनाते समय लगी आग से हुई विस्फोट में हुई एक बच्चे की मौत के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हरकत में आए। इसी क्रम में बदलापुर थाना क्षेत्र में एसडीएम,सीओ व प्रभारी निरीक्षक की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर तखागंज बाजार से दो पिकअप अवैध पटाखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद पटाखों की कीमत तीन लाख रुपये से अधिक बताई गई है। दिवाली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर एसडीएम लाल बहादुर,सीओ चोब सिंह,प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा क्षेत्र में पटाखों की दुकानों का निरीक्षण कर रहे थे। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक को मुखबीर से सूचना मिली कि तखागंज बाजार में एक युवक लंबे पैमाने पर पटाखा बनाकर बेंचने का कार्य कर रहा है। कोतवाल ने एसडीएम व सीओ को साथ लेकर तखागंज बाजार पहुंच गए। जहां एक मकान में भारी मात्रा में बना बनाया अर्ध निर्मित तथा पटाखा बनाने का उपकरण सुतली , गन्धक,पोटश आदि बरामद किया।पुलिस ने दो पिकअप पटाखों के साथ पटाखों के अवैध कारोबार में लिप्त प्रदीप गुप्ता पुत्र प्रकाशचन्द्र गुप्ता निवासी मकसूदन थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर



लिया। गिरफ्तार युवक प्रदीप विगत चार वर्षों से सपरिवार अपने नाना के घर तखागंज में रहता है। प्रभारी निरीक्षक ने बरामद पटाखों की कीमत तीन लाख से अधिक बताया है।पुलिस पटाखों को सील कर गिरफ्तार पटाखा के अवैध कारोबारी प्रदीप पर विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया। प्रशासन की छापेमारी अभियान से पटाखा के अन्य अवैध व्यवसायियों में हड़कम्प मचा है।वहीं इस मामले में सोमवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी बदलापुर ने बताया कि आगामी दीपावली त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पटाखा दुकानों की चेकिंग की जा रही है इसके क्रम में उप जिलाधिकारी और मेरे द्वारा चेकिंग की गई इस दौरान प्रदीप गुप्ता के घर से भारी मात्रा में पटाखा बारूद और उसका सामान बरामद किया गया है।मौके से आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर के आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पांच लाख का इनामी शाइन सिटी का एमडी प्रयागराज से गिरफ्तार : दर्ज हैं 300 से ज्यादा मुकदमें

लखनऊ ब्यूरो : शाइन सिटी के सीएमडी राशिद नसीम का भाई व कंपनी में एमडी आसिफ नसीम को लखनऊ कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। 5 लाख रुपये के इनामी आसिफ को क्राइम ब्रांच ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ लखनऊ में 300 से अधिक मुकदमे दर्ज है। जिनमें से गोमतीनगर में दर्ज 80 मुकदमों में कोर्ट ने कुर्की का आदेश जारी कर दिया था। वहीं कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम की तलाश तेज हो गई है। दोनों भाई पिछले पांच साल से फरार चल रहे थे। पुलिस के मुताबिक दोनों ने दुबई में ठिकाना बना रखा था। इन दिनों आसिफ नसीम प्रयागराज अपने करैली स्थित घर आया हुआ था। पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर व जेसीपी अपराध नीलाब्जा चौधरी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध नीलाब्जा चौधरी के मुताबिक आसिफ नसीम शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज में 49 प्रतिशत का पार्टनर है। वहीं उसके भाई राशिद नसीम जो कंपनी का सीएमडी है। उसके हिस्से में 51 प्रतिशत का शेयर है। शाइन सिटी कंपनी ने राजधानी में मुख्यालय बनाकर पूरे प्रदेश ही नहीं देश भर में अपने एजेंटों के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी की। कंपनी के एजेंट लोगों को मल्टी लेवल मार्केटिंग, जमीन में निवेश, सामानों में निवेश, आवास, विला, फ्लैट जैसी कई योजनाओं में निवेश कराते थे। इसके बदले में उनको मोटा कमीशन मिलता था। रकम जमा होने के बाद कंपनी निवेशकों को न तो जमीन देती थी और न ही निवेश की गई रकम का मुनाफा। कंपनी खुलने के दो साल बाद से ही आरोप लगने लगे। इससे ताबड़तोड़ मुकदमों का सिलसिला शुरू हुआ। गोमतीनगर थाने में ही 300 से अधिक मुकदमें दर्ज है। मामला बिगड़ने लगा तो इस मामले की जांच ईओडब्ल्यू ने शुरू कर दी। हाईकोर्ट में दाखिल हुई 60 हजार



करोड़ ठगी की याचिका। करोड़ों का निवेश कराकर कंपनी में ताला बंद हो गया। तीन–चार महीने पहले शाइन सिटी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी विजलेश केसरवानी ने एक संगठन बनाया। इस संगठन ने बैठक करने के बाद कानूनी लड़ाई शुरू की। इसके तहत हाईकोर्ट इलाहाबाद में एक रिट दाखिल की गई। जिसमें आरोप लगाया गया कि कंपनी ने लोगों के 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। ठगी के मामले में कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम, उसका भाई आसिफ नसीम, उसकी पत्नी सहित करीब 57 कर्मचारी आरोपी बनाये गये है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। दुबई से नेटवर्क चला रहा राशिद नसीम। राशिद नसीम को वर्ष 2019 में नेपाल के काठमांडू से गिरफ्तार किया गया था। बाद में नेपाल से उसे जमानत मिल गई थी। इशके बाद वह दुबई भाग गया था। अब वह दुबई से नेटवर्क चला रहा है और जार्जिया की नागरिकता लेने के की तैयारी में है। वहीं, एसटीएफ ने बीते 30 जून को शाइन सिटी के नेशनल हेड बृज मोहन सिंह को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। राशिद ने 2010 से शुरू किया था ठगी का कारोबार। राशिद नसीम प्रयागराज करेली के जीटीबी नगर का रहने वाला है। करीब 20 साल पहले उसने स्पीक एशिया मल्टी लेवल मार्केटिंग कंपनी में एजेंट की नौकरी शुरू की थी। शातिर दिमाग नसीम ने यहीं पर रहकर निवेशकों को ठगने की कला सीखी। इसके बाद वर्ष 2010 में उसने शाइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से हाउसिंग कंपनी और उसके बाद 50 से अधिक कंपनियां खोल डाली। उसने अपने भाई आसिफ को कंपनी में पार्टनर बनाया था।

# सरकारी जमीन पर हो रहा मैरिज हाल का निर्माण : अधिकारी मौन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) तहसील सोहावल के ग्राम पंचायत गोड़वा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कन्या पाठशाला व पंचायत घर के लिए आरक्षित जमीन पर पूर्व दबंग ग्राम प्रधान द्वारा जबरन मैरिज हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। इस आशय का आरोप लगाते हुए वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्रा ने पूर्व जिलाधिकारी अनुज झा से गत 19 अक्टूबर को मिलकर लिखित शिकायत की थी। अनुज मिश्रा ने निवर्तमान जिलाधिकारी अनुज झा से मिलकर उन्हें बताया था की उक्त गाटा संख्या का नक्शा विगत चकबंदी के दौरान तकनीकी कमी के चलते छोटा बन गया था। इसी तकनीकी कमी का फायदा उठाकर पूर्व दबंग ग्राम प्रधान आनंद कुमार द्वारा सरकारी जमीन पर जबरन मैरिज हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया इस शिकायत को सही पाते हुए तत्कालीन डीएम अनुज झा ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए उस गलत नक्शे को तत्काल सही कराने के निर्देश एसडीएम सोहावल को दिए थे। अनुज मिश्रा के अनुसार जब तक अनुज झां का अयोध्या जिला अधिकारी पद से स्थानांतरण नहीं हुआ तब तक एसडीएम सोहावल जयजीत कौर मिश्रा डीएम का आदेश मानती रही तथा निर्माण कार्य रुका रहा लेकिन जैसे ही अनुज झा का स्थानांतरण हुआ उसी दिन से दबंगों द्वारा सरकारी जमीन पर पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी माही के अनुसार इस प्रकरण में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला की भूमिका संदेह के घेरे में है। एसडीएम सोहावल को उन्होंने ही आरोपियों के पक्ष में समझा दिया है जिससे एस डी एम सोहावल उस प्रकरण में कोई शिकायत सुनना ही नहीं चाह रही हैं। प्रधान प्रतिनिधि अनुज मिश्रा के अनुसार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे व निर्माण से ग्राम वासियों में भारी रोष व्याप्त है।

# राम मनोहर लोहिया अवध विवि के स्वामी विवेकानन्द सभागार में स्वच्छता गोष्ठी हुआ सम्पन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद अयोध्या में अनुराग सिंह ठाकुर मा.मंत्री खेल एवं युवा कल्याण सूचना एवं प्रसारण मंत्री भारत सरकार एवं उपेंद्र तिवारी मा. राज्य मंत्री पंचायतीराज,खेल एवं युवा कल्याण उ.प्र. की गरिमामय उपस्थिति में स्वच्छ भारत अभियान संगोष्ठी का आयोजन डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के विवेकानंद सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लल्लू सिंह, सांसद अयोध्या ने की। अयोध्या पहुंचे केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्शगांठ पर मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग–निर्देषन में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, जिसके अन्तर्गत देष के कोने–कोने में अनेक कार्यक्रम गोश्ठी एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किये जा रहें है, जिसके क्रम में उ0प्र0 में जनपद प्रयागराज से इस अभियान की षुरूआत की गयी थी जो कि पूरे प्रदेष में संचालित किया गया, जिसका समापन आज इस पावन धरती अयोध्या में किया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत पूरे देष में 75 लाख किलो कूड़ा एवं प्लास्टिक एकत्र करने का संकल्प किया गया था। अभियान के समाप्ति के पहले ही जनता के सहयोग से 108 लाख किलो कूड़ा एकत्रित कर रिकार्ड बनाया गया। अभियान समाप्त हो रहा है लेकिन इसका उद्देष एवं संदेष हमें याद रखते हुए अपने घर, गली, मोहल्लें, गांव में साफ–सफाई का ध्यान रखते हुए अपने आदत में स्वच्छता को अपनाना होगा। श्री ठाकुर ने कहा उत्तर प्रदेश के माध्यम से देश को भी मिल रही है ताकत, उत्तर प्रदेश बिजनेस में भी देश में आगे बढ़ कर आया है। वही अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश में लंबी छलांग लगाई है।अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि ह। उत्तर प्रदेश में गुंडाराज पर लगाम कसी गई। भ्रष्टाचार के खिलाफ जो मुहिम चली है उसे जनता ने सराहा सबसे बड़ा प्रहार उन लोगों पर हुआ जो गुंडागर्दी करते थे।फिरौती मांगते थे।माफियागिरी करते थे। उन सब की बोलती बंद करने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है।आज महिलाएं रात को भी घर से निकल सकती है। बेटियां स्कूटी से बाजार में निकल सकती हैं। डर भय अपराध इन सब से मुक्ति दिलाने का काम योगी सरकार ने किया है और जनता चाहती है भय मुक्त, अपराध मुक्त, गुंडाराज मुक्त यूपी बना रहे। मा0 मंत्री ने सभी को स्वच्छता षपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि उपेन्द्र तिवारी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पंचायतीराज खेल एवं युवा कल्याण ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ0प्र0 सरकार मा0 मुख्यमंत्री, योगी आदित्य के नेतृत्त में महात्मा गांधी के स्वच्छता एवं ग्राम स्वराज के सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्प है। प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल में देश में सबसे अधिक व्यक्तिगत षैचालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया है। गांव–गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया है। वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये हैं, जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में स्वच्छता मानक के आकड़ों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। उक्त कार्यक्रम में माननीय रामचन्द्र यादव, विधायक रूदौली, गोरखनाथ बाबा, विधायक मिल्कीपुर, वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक सदर, शोभा सिंह चौहान, विधायक, बीकापुर, भाजपा जिलाध्यक्ष, संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सत्ताधारी पार्टी के अन्य सदस्यगणध पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ने प्रस्तुत किया तथा इस कार्यक्रम में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर , उपनिदेशक पंचायत आर. एस. चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह, प्रदेश समन्वयक कर्नल बीके सिंह, नेहरू युवा केन्द्र जिला समन्वयक विकास सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी विद्यालय के छात्र तथा खेलप्रेमी एवं अन्य समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। समस्त खण्ड विकास अधिकारी, दीपक सेन, जिला कन्सलटेंट, जिला परियोजना प्रबंधक उपेन्द्र तिवारी, राकेश सिंह, जिला कन्सलटेंट, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत, समस्त खंड प्रेरक, समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं समस्त पंचायत सहायक आदि उपस्थित थे।

# मजीठिया वेज बोर्ड को राष्ट्रपति की मंजूरी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : वेज बोर्ड के निर्देशानुसार पत्रकारों और गैर पत्रकारों को भुगतान न करने पर मीडिया हाउस पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा ।विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए शासन कटिबद्ध है ।विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्यरत पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए गठित वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंजूरी दे दी है । यह मजीठिया वेतन बोर्ड की सिफारिशों को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने को सुनिश्चित करता है और कानून का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में अर्थ दंड का भी प्रावधान करता है यानि इस कानून का पालन नहीं किए जाने पर 1 साल तक की कैद की सजा का भी प्रावधान है दिल्ली वर्किंग जर्नलिस्ट संशोधन अधिनियम 2015 एक्ट के अन्य प्रावधानों में संशोधन के साथ यह तय किया गया कि अब अनुबंध यानि कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए पत्रकारों से भी श्रमजीवी पत्रकार यानी वर्किंग जर्नलिस्ट जैसा ही व्यवहार किया जाएगा इसके साथ ही मीडिया संस्थानों द्वारा कर्मचारियों को बकाया वेतन भुगतान न किए जाने की स्थिति में उनके ऊपर अर्थ दण्ड के साथ कारावास की अवधि भी बढ़ाई जा सकती है दिल्ली विधानसभा में वर्किंग जर्नलिस्ट अधिनियम में संशोधन के लिए दिसंबर 2015 में विधेयक पारित किया था जिसे राष्ट्रपति ने अपनी मंजूरी भी दे दी थी दिल्ली के श्रम मंत्री ने कहा कि देश में मजीठिया वेतन बोर्ड को प्रभावी ढंग से लागू करने को सुनिश्चित करने वाला दिल्ली देश का पहला राज्य बन गया संशोधित कानून के मुताबिक अब अगर नियोक्ता अपने कर्मचारियों का बकाया राशि नहीं देता है तो धारा 17 (1) की नई उप धारा में सक्षम अधिकारी 5 गुना तक की राशि बढाकर अर्थ दंड स्वरूप नियोक्ता से वसूल सकता है साथ ही अधिनियम संख्या 45 की धारा( 18) में संशोधन करते हुए धारा (1) में आए शब्द अर्थ दंड दो ध200 तक बढ़ाया जा सकता है की जगह को संशोधन करते हुए उसमें5000रू तक के जुर्माने के साथ कारावास भी 6 माह तक बढ़ाया जा सकता है या दोनों बढाया जा सकता है किसी पत्रकार या गैर पत्रकार कर्मचारी को देय भुगतान न करने की स्थिति में नियोक्ता कारावास के दंड का भागी होगा जो 6 माह से 1 वर्ष तक का हो सकता है।

# बिना पास के घाट पर नहीं जा सकेंगे वालेंटियर

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने राम की पैड़ी पर 32 घाटों के पर्यवेक्षकों एवं घाटों के प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा–निर्देश पर दीपोत्सव–2021 को भव्य रूप देना है। उन्होंने समन्यवकों को निर्देश दिया है कि बिना परिचय पत्र के किसी को भी अंदर न आने दें। उन्होंने कहा कि सभी घाट प्रभारी, समन्वयक एवं पर्यवेक्षक की पूरी जिम्मेदारी होगी कि बिना परिचय–पत्र के किसी भी बाहरी व्यक्ति को घाट पर प्रवेश न करने दें। दीपोत्सव के लिए विश्वविद्यालय जिला प्रशासन के सहयोग से निशुल्क टी–शर्ट एवं कैंप की व्यवस्था की गई है। इसका वितरण सभी घाट के प्रभारियों, समन्वयकों की उपस्थिति में पहली नवंबर को सुबह 11 बजे राम की पैड़ी पर परिचय–पत्र एवं लिस्ट से मिलान करते हुए स्वयंसेवकों को किया जाएगा। प्रो. शैलेंद्र ने बताया कि स्वयंसेवकों को दीपोत्सव स्थल पर पहुंचाने के लिए वाहन का इंतजाम किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर स्वयंसेवकों को कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मास्क के साथ उपस्थित रहना होगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से राम की पैड़ी पर मेडिकल टीम तैनात रहेगी। स्वयंसेवकों द्वारा पहली नवंबर से दीए बिछाने का काम प्रारंभ हो जाएगा जो 2 नवंबर तक चलता रहेगा। 3 नवंबर को दीए में तेल डालकर प्रज्ज्वलित करते हुए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए पुनः गिनीज बुक में नाम दर्ज कराएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी को दायित्वों से अवगत करा दिया गया है। 32 घाटों पर लगभग 9 लाख दीए बिछाए जाएंगे। वहीं 7 लाख 51 हजार दीए जलाए जाएंगे। 12 हजार स्वयंसेवकों के साथ सुरक्षा एवं सतर्कता के साथ दीपोत्सव को भव्यतम बनाना है।

# सपाईयों ने लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित किया कार्यक्रम

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा नेहा यादव व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव ने श्री पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्रसभा नेहा यादव ने इस मौके पर कहा कि सरदार पटेल जैसे राजनेता कई सदियों में एक बार जन्म लेते हैं ऐसे में उनके विचारों को आत्मसात करके हमें आगे बढ़ना चाहिए। सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव ने कहा कि आजादी के बाद देश की राष्ट्रीयता को एकसूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि उनके द्वारा बताये गये रास्ते पर चलकर समाजवाद को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा जिला प्रवक्ता चौ0 बलराम यादव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, पार्षद हाजी असद, छोटे लाल यादव, महिला महानगर अध्यक्ष सरोज यादव, मीनाक्षी उपाध्याय, बृजेश सिंह चौहान, दीपक यादव राधे, विशालमणि यादव रिक्की, हार्दिक यादव, पंकज शर्मा, सौरभ यादव, रत्नाकर दूबे, विजय यादव, राकेश मौर्या मौजूद थे। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती आज समाजवादी पार्टी ने जिले भर में तमाम आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने श्री पटेल के दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के गिरधारी लाल वर्मा इंटर कॉलेज पिलखांवा में पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन द्वारा आयोजित एक जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे पूर्व विधायक अरुण वर्मा ने श्री पटेल को एक महान राजनेता करार देते हुए कहा कि श्री पटेल ने भारतीय राजनीति को जो दिशा दिखाई है उससे भारत ने तमाम बुलंदियों को छुआ है। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति में सरदार पटेल के विचारों को शामिल करके समाज के लिए तमाम बड़े काम किए जा सकते हैं। हम सभी को चाहिए कि उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर प्रगति के मार्ग पर उत्तर प्रदेश को अग्रसर करें और उत्तर प्रदेश में 2022 विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनायें। तभी आम जनता को भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों से छुटकारा मिल सकेगा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत कर रही समाजवादी छात्रसभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि सरदार पटेल एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देश के लिए काम किया, ऐसे नेताओं के दिखाए रास्ते पर चल कर समाज को ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में छात्रसंघ का चुनाव पर रोक लगाकर नौजवानों, छात्रों को अपने हक हकूक की बात करने से रोका जा रहा है। सपा की सरकार बनते ही छात्रसंघ चुनाव को सपा के राष्ट्रीय अखिलेश यादव तुरन्त बहाल कर देंगे। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस मौके पर कहा कि सरदार पटेल ने देश की आजादी से लेकर आजादी के बाद देश को संवारने तक में अपना विशेष योगदान दिया है, समाजवादी पार्टी भी उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए कटिबद्ध है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आज पटेल जयन्ती के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना है कि आगामी विधान सभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का काम करेंगे। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के सरदार वल्लभभाई इंटर कॉलेज करनाईपुर तारुन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक अरुण वर्मा मौजूद थे। उन्होंने यहां सरदार बल्लभ भाई पटेल के दिखाए रास्ते पर चलने का पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक अभय सिंह ने इस मौके पर कहा कि सरदार पटेल ने दलगत और जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर पूरे समाज के लिए कार्य किया है, उनके विचारों को याद करके आज की पीढ़ी बहुत आगे जा सकती है। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज जिले के तमाम क्षेत्रों में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। श्री यादव ने बताया कि अयोध्या विधान सभा के पूराकलन्दर से लेकर पिलखावां गांव तक व गोशाईगंज विधान सभा में दर्जनों जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने 2022 में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव, पूर्व विधायक अभय सिंह, पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा व वरिष्ठ नेता छोटेलाल यादव, विधान सभा अध्यक्ष शिवबरन यादव पप्पू, ब्लाक अध्यक्ष तरजीत गौड़, जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, चौ0 बलराम यादव, अमृत राजपाल, स्वामी नाथ वर्मा, गोपीनाथ वर्मा, शम्भूनाथ सिंह दीपू, गोशाईगंज विधान सभा अध्यक्ष सियाराम निषाद, संजय सिंह, भानू यादव, विन्देश्वरी यादव, रामजनम वर्मा, राजेश वर्मा, सुरेन्द्र यादव, ओपी पासवान, मो0 शुऐब, राम शंकर वर्मा, हरी राम वर्मा, संतराम पटेल, राम सूरत वर्मा, तेज बहादुर वर्मा, राम लौट वर्मा, राम करम वर्मा, राजेश वर्मा, कृष्णा वर्मा, हौसिला प्रसाद वर्मा, केसरी प्रसाद वर्मा, गोविंद राज वर्मा, राजकुमार वर्मा, राधेश्याम वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सोमनाथ वर्मा, जंगबहादुर वर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, आशीष वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, श्रवण वर्मा, संतोष वर्मा, प्रदीप वर्मा, ठाकुर प्रसाद वर्मा, शिवकुमार, रामशंकर, राम नेवल वर्मा, अजय वर्मा, अखण्ड वर्मा, राम औतार वर्मा, सुबेदार वर्मा, कामता वर्मा, मनोज वर्मा, अजीत वर्मा, रामजी वर्मा, अनूप वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस का हुआ आयोजन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के इसमें तथा राष्ट्रीय एकता के पावन अवसर पर 63 वाहिनी में कमांडेंट श्री छोटेलाल देती कमान अधिकारी श्री राधा रमन उप कमांडेंट श्री विनोद कुमार पाठक एवं उपस्थित सभी अधिकारियों तथा जवानों ने शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया एवं साइकिल रैली परेड मार्च तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं इस अवसर पर सामान्य जनमानस प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गण भी साइकिल रैली में हिस्सा लिया कमांडेंट महोदय ने इस अवसर पर भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद करते हुए उनके कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि किस बुद्धिमानी के साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय एकता की ताकत से समाज को एक दूसरे से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाई एकता का मतलब है एक साथ मिलाकर रहना काम करना लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्रीय एकता के साथ साथ देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अग्रणी बल केंद्रीय पुलिस बल की वर्तमान रूपरेखा में उनके योगदान के किसी से छिपा नहीं है एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रोग्राम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए एवं भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत सन 2014 में पहली बार की गई 15 दिसंबर 1950 को प्रातः काल जीरो 0937पर इस महापुरुष का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया जिनकी क्षति पूर्ति होना दुष्कर था विभिन्न नेताओं की इस देश के एक संपूर्ण एकीकृत राष्ट्र बनाने के सरदार वल्लभ भाई पटेल के अतुलनीय प्रयासों को सम्मान देते हुए उनके जन्म तिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाना राष्ट्र और उनका सम्मान होगा सरदार वल्लभभाई पटेल को एकता का मिसाल भी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने हमेशा एक देश को एकजुट करने का प्रयास किया। भारत देश विश्व के सबसे बड़े देशों में आता है जो पूरे विश्व में दूसरा सबसे बड़ा जनसंख्या वाला देश है भारत वर्ष में 16 00 अधिक भाषाएं और बोलियां बोली जाती है 31 अक्टूबर सन 2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस के सगिया पी बनाने और महान लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करने के लिए आज के ही दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 63 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल में श्री छोटेलाल कमांडेंट व अन्य अधिकारी अन्य अधिकारियों जवानों द्वारा राष्ट्रीय दिवस को मनाते हुए ग्राम रानो पाली पोस्ट जिला अयोध्या उत्तर प्रदेश में जन्मे वीर सपूत शहीद हवलदार जीडी राजकुमार यादव को याद करते हुए उनके परिवारजनों से मिला और उनकी समस्याओं को सुना और साथ ही उन्हें दिवाली के शुभ अवसर पर मिठाई और दीप की भेंट की गई।

# खब्बू की रिहाई के लिए लगातार हो रहे धार्मिक अनुष्ठान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सजा पाकर जेल में बंद गोशाईगंज के भाजपा विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू की शीघ्र रिहाई के लिए धार्मिक अनुष्ठानों का कार्यक्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है। विधायक गोरखनाथ बाबा के नेतृत्व में चल रहे पूजा पाठ के कार्यक्रम मे गुरुवार को प्राचीन स्थल बाबा गहनाग देव पर प्रधान प्रतिनिधि संतोष मिश्र व संदीप तिवारी ने सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया। अनुष्ठान में भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू के ग्रहों की शांति एवं रिहाई की प्रार्थना की। इसके पूर्व बुधवार को अमरगंज बाजार के मुड़कटी स्थित हनुमान मंदिर पर समाजसेवी भवानी फेर मिश्र के नेतृत्व में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ था। और शुक्रवार को शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जय हिंद सिंह व शिक्षक दीनानाथ शुक्ला के नेतृत्व में मूर्तिहन भवानी मंदिर पर सायं 3:00 बजे से सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि महेश ओझा , शीतला बाजपेई बंशीधर द्विवेदी, भवानी फेर मिश्र, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, बब्बन शुक्ला, एडवोकेट लल्लू तिवारी, जितेंद्र शुक्ला, अखिलेश पांडे, विनय सिंह राणा, ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, राजेश उपाध्याय, रामनगर अमावा सूफी प्रधान प्रतिनिधि संतोष पूर्व प्रधान विष्णु सिंह, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने शुरू किया भाजपा का महा सदस्यता अभियान

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : भाजपा का महा सदस्यता अभियान का विधान सभा रूदौली में शनिवार को भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने शुजागंज से शुरू किया। विधायक ने सैकड़ो लोगो से अपने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भाजपा महा सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के कल्याणकारी नीतियों के कारण गाव व शहर में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है ।इस अवसर पर संयोजक निर्मल शर्मा ने बताया कि महा अभियान में आए आमजन को भाजपा सरकार के कार्यो के बारे में भी बताया जा रहा है ।हर गाव हर बूथ पर महा सदस्यता अभियान में जोड़ने का काम किया जा रहा है ।इस मौके पर भाजपा नेता तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,कृष्ण सागर पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विधानसभा रुदौली क्षेत्र के अख्तियारपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर विधायक ने किया सुगंधित फूलों से माल्यार्पण

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : लौह पुरुष सरदार वल्लभ– भाई पटेल की जयंती रूदौली विधानसभाक्षेत्र के अख्तियारपुर ग्राम में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर सार्वजनिक उपक्रम एव निगम संयुक्त समिति विधानसभा उत्तर प्रदेश के सभापति व रूदौली भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने विधानसभा क्षेत्र के अख्तियारपुर में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रीय एकता और गोपनीयता की शपथ दिलाई ।विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि बहुत–सी रियासत ऐसी थीं,जो एक साथ एक में समाहित होना नहीं चाहती थी,पर सरदार बल्लभ भाई पटेल के संकल्प एवं उदारता अपनत्व की भावना के सामने सभी को झुकना पड़ा। सोचिए अगर उस समय सरदार ने यह नहीं किया होता तो भारत की एकता अखंडता की क्या स्थिति रहती ।आज प्रत्येक भारतीय नागरिक सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करता है ।आज पूरा देश महान सपूत वल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे उमंग उत्साह के साथ साथ हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता को भारत की सीमाओं को एकता और अखंडता की डोरी में बहुत बेहतरीन ढंग से पिरोया था । इसके लिए उन्हें लौह पुरुष नाम से माना जाना तथा सम्मानित किया जाता है ।आज उनकी 146वीं जयंती है ।मातृभूमि के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल का त्याग कर्तव्य निष्ठा,संघर्ष और समर्पण की भावना प्रत्येक भारत वासी देश की एकता अखंडता के लिए खुद को समर्पित करने की प्रेरणा देता है ।अखंड भारत के ऐसे महान शिल्पी की जयंती पर उनके श्री चरणों में वंदन है नमन है विधायक रामचंद्र यादव ने क्षेत्रवासियों के साथ–साथ देशवासियों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शुभकामनाएं एवं बधाई भी दिए ।इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार,प्रधान राम कुमार,विकास पटेल,जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव,विजय कुमार,शमशेर बहादुर, रामचरण वर्मा,अमृत लाल, राधेश्याम, ओम प्रकाश,सोनू,नंद कुमार,कृष्णप्रसाद,साहबदीन,साहब शरण वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता जागरूक व्यक्ति बुद्धिजीवी वर्ग मौजूद रहे।

# ग्यारह माह से सामुदायिक शौचालय के सफाई व रखरखाव के मद में मिलने वाला नहीं मिला परिश्रमिक

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जिले के विकासखंड सोहावल के ग्राम पंचायत देवई में सामुदायिक शौचालय के रख रखाव एवं सफाई के लिए नियुक्त केयरटेकर आशा देवी ने आरोप लगाया कि लगभग ग्यारह माह से कार्य कर रही है, परंतु उसे ग्राम पंचायत द्वारा आज तक एक रुपया भी पारिश्रमिक के रूप में नहीं दिया गया है। बताते चलें कि विगत वर्ष पिछली प्रधानी में सामुदायिक शौचालय के रख रखाव व साफ सफाई की जिम्मेदारी 7 दिसंबर 2020 से 7 नवंबर 2021 तक साईं बाबा स्वयं सहायता समूह को मिली थी। साईं बाबा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आशा देवी को संस्था ने केयरटेकर के रूप में रखा था। वह ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय की साफ–सफाई व रखरखाव की जिम्मेदारी निभा रही थी। समय बीतने के साथ वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानी का निजाम बदल जाने के कारण नवनिर्वाचित पंचायत द्वारा व्यवस्था परिवर्तन करते हुए दूसरे स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक शौचालय के रखरखाव की जिम्मेदारी देने की बात प्रकाश में आई है। जिस कारण सामुदायिक शौचालय की केयरटेकर आशा देवी को गंवई राजनीति का शिकार होना पड़ा। आशा देवी ने बताया कि लगभग एक वर्ष तक कार्य करने के बाद उसे भुगतान न मिलने पर उसने इसकी शिकायत ऑनलाइन माध्यम से जनसुनवाई पोर्टल पर किया है ।पीड़ित आशा देवी ने आरोप लगाया है कि विपक्षी ग्रामप्रधान ने पंचायत सचिव से सांठगांठ करके उसका पारिश्रमिक रोक रखा है और 7 दिसंबर 2020 से आज तक अनवरत कार्य करने के बाद भी उसे फूटी कौड़ी पारिश्रमिक के रूप में आज तक नहीं प्रदान किया गया है। बताते चलें कि शासन द्वारा रु 21000 ग्राम पंचायत को रख रखाव व साफ सफाई की जिम्मेदारी निभा रही संस्था को भुगतान करने के लिए मिला है। परंतु विकासखंड सोहावल के ग्राम पंचायत देवई में गांव की गंवई राजनीति हावी है ।जिसका शिकार साईं बाबा सहायता समूह की केयरटेकर आशा देवी को होना पड़ा है।

# दीपोत्सव के दिन दस मिनट के लिए अपनी दुकानो की लाइट बंद कर रोजी रोटी बचाने की गुहार लगायेगा व्यापारी समाज

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : दीपोत्सव के दिन 10मिनट के लिए अपनी अपनी दुकानो की लाइट बंद कर रोजी रोटी बचाने की गुहार लगायेगा व्यापारी समाज। अयोध्याधाम का व्यापारी समाज सौदर्यीकरण/सड़क चौड़ीकरण में प्रशासन द्वारा बिना स्थापित किये उजाड़े जाने के फरमान से हैरान परेशान है ।अपनी पीड़ा को दीपोत्सव के दौरान अयोध्या आये उच्च अधिकारियों/नेताओ तक पहुचानें के क्रम में जहां एक तरफ " सौंदर्यीकरण के नाम पर हमारी रोजी रोटी न ली"जाय का तख्ती/बैनर अपनी अपनी दुकानो पर लगाकर रोजी रोटी बचाने की गुहार लगा रहे है ।वही रोजी रोटी उजड़ जाने के भय से दुख में व्यापारी समाज स्वयं दीपावली नहीं मनाने का निर्णय लिया पहले ही ले चुका है सोशल मिडिया पर व्यापारीगढ़ दीपावली नही मनायेगे का विडियो भी खूब वायरल कर रहे है, साथ ही दीपोत्सव के दिन जहां एक तरफ व्यापारी समाज खुशियो के त्योहार मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा वही अपनी रोजी रोटी बचाने के लिए साकेंतिक रूप से विरोध प्रदर्शन के क्रम में आगामी 3नवबंर दिन बुधवार को सांय 7.00बजे से 7.10 मिनट तक 10 मिनट के लिए अपने अपने दुकानो की सभी लाइट बंद कर विरोध करके अपनी उजड़ रहे रोजी रोटी की पीड़ा लोगो को बताकर बचाने की गुहार लगायेगा ।प्रमुख रूप से नन्द कुमार गुप्ता, शक्ति जायसवाल,विजय यादव,सुनील कुमार,अनिल गुप्ता,राजेश गुप्ता,सौरभ ,राम गोपाल आदि रहे।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।